प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
2. संतोष गंगवार बने झारखंड के नए राज्यपाल, सीपी राधाकृष्णन अब होंगे महाराष्ट्र के राज्यपाल।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयासों से 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।
4. संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच के लिए साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने नौ सदस्यीय टीम का किया गठन।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के इस मासिक कार्यक्रम की 112वीं कड़ी है। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत नौ राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। संतोष गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर बनाया गया है। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति ने झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान, सिक्किम, मेघालय, महाराष्ट्र, असम और पंजाब के नए राज्यपालों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। एक रिपोर्ट–

***************

जामताड़ा के यज्ञ मैदान में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंडवासियों और आदिवासियों को छलने का काम किया है। राज्य सरकार झारखंड के नौजवानों को नौकरी या रोजगार देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

***************

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार कमलेश कुमार की रिमांड पीटिशन में ईडी ने कई खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि 10 और 11 जुलाई को कांके सीओ ऑफिस और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का सर्वे किया गया था। इसमें यह बात सामने आई की कांके मौजा की 140 एकड़ जमाबंदी का रिकॉर्ड 21 जून को कांके सीओ ने डिलीट किया था। ईडी ने सारे जमाबंदी को एनआईसी से प्राप्त कर लिया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि कमलेश कांके इलाके में जमीन बिक्री का पहचानकर्ता, गवाह और पावर ऑफ अटार्नीधारक रहा है। दस्तावेजों की स्क्रूटनी में करोड़ों की मनी लाउंड्रिंग की बात सामने आई है।

***************

रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आशीष कुमार झा को कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया है। परीक्षा संचालन मामले में डॉक्टर झा पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर विश्विद्यालय प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करने, जांच कमिटी की टिप्पणी और कमिटी की आरंभिक प्रतिवेदन के आधार पर वीसी ने यह कार्रवाई की है। निलंबन की अवधि में डॉ झा का मुख्यालय रांची विश्वविद्यालय पीजी गणित विभाग होगा।

***************

गुमला जिले के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के औद्योगिक विकास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कई पहल किए जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत 2047 प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति तथा अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है।

***************

हाईकोर्ट के आदेश पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित करने के लिए उपायुक्त हेमंत सती ने नौ सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। इस टीम में एसी राजमहल, एसडीओ, सीओ, मुखिया और अन्य कर्मी शामिल हैं। जांच टीम दो सप्ताह में रिपोर्ट सौंपेगी। संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ की रोक लगाने की मांग लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने साहेबगंज के डीसी को जांच का आदेश दिया था।

***************

प्रतिबिंब एप की सहायता से देवघर साइबर थाने की पुलिस ने बांधडीह गांव में छापेमारी कर एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स फोन कॉल के माध्यम से ठगी का काम करता था।

***************

पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस ने 170 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड में एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर खड़ा है। इसके बाद एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

***************

पेरिस ओलिम्पिक के कल पहले दिन भारतीय एथलीटों ने शानदार शुरुआत की। महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मनु भाकर फाइनल में पहुंच गईं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पूल–बी के अपने पहले मैच में कल न्यूजीलैंड को तीन–दो से हरा दिया। पैनल्टी–स्ट्रो में निर्णायक गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। एक रिपोर्ट–

***************

और अब अखबारों की सुर्खिया

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जमीन घोटाला मामले में आरोपित कमलेश के जेल भेजे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा समाचार पत्रों ने इन खबरों को भी प्रमुखता दी है।

ईडी के हवाले से प्रभात खबर लिखता है कमलेश ने कांके की 140 एकड़ भूमि के दस्तावेज में की छेड़छाड़।

हिन्दुस्तान लिखता है–विधायकी रद्द किये जाने के बाद हाईकोर्ट गए लोबिन।

शिक्षकों के ड्रेस कोड मामले में दैनिक भास्कर ने शिक्षा सचिव के बयान की सुर्खी बनाते हुए लिखा है–ड्रेस के लिए किसी भी शिक्षक को बाध्य नहीं किया जा सकता।

दैनिक जागरण लिखता है–सीआरपीएफ की तैनाती के बाद झारखंड में नक्सली घटनाओं में आई कमी।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और संडे टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक को प्रमुखता से लिया है।

**********************